# मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी मुख्यालय में 24वें स्थापना दिवस का शुभारंभ



## प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने किया पौधरोपण

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 24वें स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ गुरुवार को कंपनी मुख्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर प्रबंध संचालक श्री ऋषि गर्ग ने पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर निदेशक (तकनीकी/वाणिज्य) श्री सुधीर कुमार श्रीवास्तव, निदेशक (पी.डी.टी.सी.) श्री अनिल कुमार खत्री, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) डॉ. राकेश शर्मा, मुख्य वित्तीय अधिकारी श्री अखिलेश कुमार पांडे, मुख्य महाप्रबंधकगण श्रीमती स्वाति सिंह, सुश्री मनीषा मेश्राम, श्रीमती अमिता तिवारी, श्री अशोक कुमार सक्सेना तथा मुख्य महाप्रबंधक (भोपाल क्षेत्र) श्री बृजभान सिंह परिहार ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य का संदेश दिया।

प्रबंध संचालक श्री ऋषि गर्ग ने कंपनी के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया। प्रतियोगिताओं में रस्साकशी, नींबू-चम्मच दौड़, साइकिल रेस एवं म्यूजिकल चेयर सहित विभिन्न खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिनमें कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**बिजली कार्मिकों ने ली कर्तव्यनिष्ठा की शपथ:** कंपनी के 24वें स्थापना दिवस पर कंपनी मुख्यालय के आस्था परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रबंध संचालक श्री गर्ग ने कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सेवा, पारदर्शिता, उत्कृष्ट कार्य संस्कृति तथा उपभोक्ता हितों के प्रति सजग रहने की शपथ दिलाई।

उल्लेखनीय है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी का 24वां स्थापना दिवस 12 एवं 13 जून को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया जा रहा है। इस दौरान कंपनी मुख्यालय के साथ ही भोपाल क्षेत्र तथा ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत वृत्त स्तर पर विभिन्न सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन, बिजली कार्मिकों द्वारा पौधरोपण, रक्तदान शिविर के आयोजन के साथ ही कंपनी कार्यों में सहयोग करने वाले नागरिकों और शत-प्रतिशत बिजली बिल भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को सम्मानित किया जा रहा है।

### स्थापना दिवस पर तीन घंटों में 64 लोगों ने किया रक्तदान

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा शुक्रवार को गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कंपनी मुख्यालय के पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रेनिंग सेंटर (पीडीटीसी) परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का उत्साह देखते ही बना। कंपनी द्वारा आयोजित शिविर में बिजली कार्मिकों सहित 64 लोगों ने रक्तदान कर अपना सामाजिक दायित्व निभाया। प्रबंध संचालक श्री ऋषि गर्ग ने रक्तदान शिविर का अवलोकन कर रक्तदाताओं का आभार व्यक्त कर शुभकामनाएं दीं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ए.के. गोयल के निर्देशन में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिला।

## ई-रिक्शा चोरी होने से बेरोजगार हुए युवक ने जहर खाया

**भोपाल।** शहर के टीला जमालपुरा थाना इलाके में एक युवक ने जहर खाकर खुदकुशी कर ली। बताया गया है की मृतक का ई-रिक्शा चोरी हो गया था, जिसके बाद वह बेरोजगार हो गया और काफी मानसिक तनाव में आ गया था। मर्ग कायम करपुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपते हुए आगे की जॉच शुरु कर दी है। थाना पुलिस के अनुसार जीतू रैकवार पिता नन्नूलाल रैकवार (41) निवासी रेजीमेंट रोड स्थित रविदासपुरा ई-रिक्शा चलाकर परिवार का गुजर-बसर करते थे। वहीं उनकी पत्नी घरों में काम करती हैं। करीब चार महीने पहले उनका ई-रिक्शा चोरी हो गया था। जिस कारण वह बेरोजगार हो गये और काफी तनाव में रहने लगे थे। परेशानी के कारण वह शराब पीने लगे थे। शराब पीने को लेकर पत्नी से कहासुनी भी होती थी। बीती 4 जून को उन्होनें जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने उन्हें इलाज के लिये हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहॉ इलाज के दौरान बीते दिन गुरुवार की शाम उन्होंने दम तोड़ दिया।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से पैदल जा रहे अधेड़ की मौत

**भोपाल।** श्यामला हिल्स थाना इलाके में बुधवार-गुरुवार की रात एक तेज रफ्तार कार ने एक पैदल जा रहे अधेड़ व्यक्ति को टक्कर मार दी। एक्सीडेंट में घातक चोटें आने से अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। बताय गया है की कार चालक पॉलिटेक्निक चौराहे से कमला पार्क की ओर जा रहा था। मर्ग कायम कर पुलिस सीसीटीवी कैमरे के जरिए आरोपी की पहचान जुटाने के प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार बैरसिया स्थित दौलतपुरा में रहने वाले मोहर सिंह (52) पिछले कुछ समय से परिवार से अलग होकर किलोल पार्क क्षेत्र के आसपास रहते हुए अपना जीवनयापन कर रहे थे।

### टैक्स चुकाने के डर से कबाड़ में बिक रहीं गाड़ियां

# 90 प्रतिशत टैक्स माफी खत्म होते ही अधिकृत स्क्रैपिंग केंद्रों पर वाहनों की संख्या घटी

भोपाल ■ अमृत दर्शन

प्रदेश में पुराने और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को सडक़ों से हटाने के लिए लागू की गई वाहन स्क्रैपिंग नीति अब अपेक्षित परिणाम नहीं दे पा रही है। परिवहन विभाग द्वारा 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों पर बकाया टैक्स में दी जा रही 90 प्रतिशत तक की छूट मार्च में समाप्त होते ही अधिकृत स्क्रैपिंग केंद्रों पर वाहनों की संख्या में भारी गिरावट आ गई है। टैक्स के भारी बोझ से बचने के लिए लोग अब अधिकृत केंद्रों की बजाय स्थानीय कबाडियों को वाहन बेचने का रास्ता अपना रहे हैं।

प्रदेश में करीब 20 लाख ऐसे वाहन हैं जो 15 वर्ष से अधिक पुराने हो चुके हैं। इनमें लगभग 12 लाख पेट्रोल और 8 लाख डीजल वाहन शामिल हैं। अकेले भोपाल जिले में ही करीब 1.6 लाख पुराने वाहन दर्ज हैं। इसके बावजूद वर्ष 2024 से अब तक पूरे प्रदेश में केवल 12 से 15 हजार वाहन ही अधिकृत स्क्रैपिंग केंद्रों तक पहुंच पाए हैं। भोपाल में यह संख्या महज ढाई हजार के आसपास है।

टैक्स छूट खत्म होते ही घटी स्क्रैपिंग

वाहन स्क्रैपिंग को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने एक वर्ष के लिए बकाया टैक्स में 90 प्रतिशत तक की छूट दी थी। योजना समाप्त होने के बाद वाहन मालिकों को वर्षों का बकाया टैक्स जमा करना पड़ रहा है, जिससे वे अधिकृत प्रक्रिया से दूरी बना रहे हैं। स्क्रैपिंग सेंटर संचालकों का कहना है कि टैक्स माफी योजना बंद होने के बाद वाहन मालिकों की रुचि कम हो गई है। लोगों में नीति के प्रति जागरूकता भी अपेक्षाकृत कम है, जिसके कारण अधिकृत स्क्रैपिंग की बजाय अनौपचारिक कबाड़ बाजार सक्रिय हो गया है।



### सीओडी का लाभ भी नहीं खींच पा रहा लोगों को

अधिकृत स्क्रैपिंग केंद्र पर वाहन जमा कराने पर वाहन मालिक को सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट (सीओडी) मिलता है। इस प्रमाणपत्र के आधार पर नया वाहन खरीदने पर रोड टैक्स और पंजीयन शुल्क में छूट मिलती है। कई वाहन निर्माता कंपनियां भी अतिरिक्त डिस्काउंट देती हैं। इसके बावजूद पहले बकाया टैक्स चुकाने की अनिवार्यता लोगों के लिए बड़ी बाधा बनी हुई है। प्रदेश में वर्तमान में भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और रतलाम सहित सीमित संख्या में ही अधिकृत स्क्रैपिंग केंद्र संचालित हैं। ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के वाहन मालिकों के लिए वहां तक पहुंचना भी चुनौती बना हुआ है।

### ऐसे तय होती है कबाड़ की कीमत

वाहन के कुल वजन का लगभग 35 प्रतिशत हिस्सा कांच, रबर, टायर और अन्य अपशिष्ट सामग्री माना जाता है। शेष 65 प्रतिशत हिस्से में लोहा, स्टील और एल्यूमीनियम जैसी धातुएं शामिल होती हैं, जिनका मूल्य बाजार दर के अनुसार दिया जाता है। उदाहरण के लिए यदि किसी कार का वजन 1,000 किलोग्राम है, तो लगभग 650 किलोग्राम धातु के आधार पर भुगतान तय होगा। इसके साथ मिलने वाला सीओडी प्रमाणपत्र दो वर्ष तक वैध रहता है और इसे परिवार के किसी अन्य सदस्य को भी हस्तांतरित किया जा सकता है।

**नीति के सामने बड़ी चुनौती:** सरकार का उद्देश्य प्रदूषण कम करना और सडक़ों से जर्जर वाहन हटाना है, लेकिन टैक्स बकाया, सीमित स्क्रैपिंग केंद्र और जागरूकता की कमी इस नीति की राह में बड़ी बाधा बन रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि सरकार फिर से टैक्स राहत या प्रोत्साहन योजना लागू करती है तो अधिकृत स्क्रैपिंग केंद्रों की ओर लोगों का रुझान बढ़ सकता है और नीति को नई गति मिल सकती है।

## विधायक सबनानी ने किया वार्ड क्र. 24 एवं 25 के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण

### साफ-सफाई, नाला-नाली की समस्याओं से संबंधित निर्देश भी दिए



भोपाल ■ अमृत दर्शन

दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक भगवानदास सबनानी ने वार्ड क्र. 24 एवं 25 के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया और नागरिकों से संवाद करने के साथ ही प्रचलित कार्यों का जायजा लिया एवं नवीन विकास कार्यों हेतु विधिवत भूमिपूजन भी किया। इस दौरान विधायक सबनानी ने साफ-सफाई, पानी, बिजली, सीवेज, नाला-नाली आदि से संबंधित नागरिकों की शिकायतों का त्वरित एवं स्थायी निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान श्री सबनानी ने वृक्षारोपण भी किये। निरीक्षण के दौरान नगर निगम विद्युत मण्डल सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

विधायक भगवानदास सबनानी ने प्रात: एवं दोपहर बाद वार्ड क्र. 24 एवं 25 के अंसल अपार्टमेंट, लुम्बनी परिसर, कृष्णा नगर, प्रताप नगर, गंगा नगर, प्रोफेसर कालोनी, कमला पार्क, किलोल पार्क, बाणगंगा, रोटरी क्लब, झरनेश्वर मंदिर क्षेत्र, 12 दफ्तर, जवाहर चौक, न्यू एम.एल.ए. क्वार्टर, गोमंतिका परिसर आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया और स्थानीय नागरिकों से संवाद भी किया।

विधायक सबनानी ने नागरिकों द्वारा जलप्रदाय, स्ट्रीट लाईट, विद्युत कनेक्शन, सड़क, सीवेज लाईनों की सफाई, नाला-नाली के निर्माण आदि की समस्याओं से अवगत कराने पर नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं स्थायी निदान हेतु शीघ्रता से कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। विधायक सबनानी ने निरीक्षण के दौरान वार्ड क्र. 24 के अंतर्गत धर्मपुरी, कृष्णा नगर, गंगा नगर, रोशनपुरा, न्यू एम.एल.ए क्वाटर्स, गोमन्तिका परिसर आदि में कार्यों का अवलोकन किया और प्रचलित कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी भी प्राप्त की।

## प्रदोष व्रत पर दादाजी धाम में श्रद्धापूर्वक सम्पन्न हुआ भगवान शिव का सामूहिक रुद्राभिषेक

भोपाल ■ अमृत दर्शन

जागृत एवं दर्शनीय तीर्थस्थल दादाजी धाम मंदिर, रायसेन रोड, पटेल नगर, भोपाल में शुक्रवार को प्रदोष व्रत के पावन अवसर पर भगवान शिव का सामूहिक रुद्राभिषेक, विशेष पूजन, वैदिक अनुष्ठान एवं महाआरती श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ सम्पन्न हुई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर भगवान शिव की आराधना कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

ट्रस्ट अध्यक्ष शिवरतन नामदेव ने बताया कि सायं 6:00 बजे से प्रदोष काल में भगवान शिव का सामूहिक रुद्राभिषेक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य भगवान शिव का दुग्ध, जल एवं पवित्र द्रव्यों से अभिषेक कर पूजन-अर्चन किया। तत्पश्चात भगवान शिव का विशेष श्रृंगार कर महाआरती सम्पन्न की गई। सम्पूर्ण मंदिर परिसर शिवभक्ति, मंत्रध्वनि एवं हर-हर महादेव के जयघोष से भक्तिमय वातावरण में परिवर्तित हो गया।

प्रदोष व्रत प्रत्येक पक्ष की त्रयोदशी तिथि को किया जाने वाला अत्यंत महत्वपूर्ण व्रत है। शास्त्रों के अनुसार इस व्रत के प्रभाव से पापों का क्षय होता है, रोग एवं बाधाएँ दूर होती हैं तथा परिवार में सुख, सौभाग्य और मंगल का वास होता है। भगवान शिव की कृपा से भक्तों की मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है।

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिजनों ने लगाया पति पर हत्या का आरोप

# भागकर आये नाती ने परिवार वालों से कहा 'पापा ने मम्मी को मार डाला'

भोपाल ■ अमृत दर्शन

नये शहर के कोलार थाना इलाके में स्थित बंजारा बस्ती में रहने वाली एक विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। घटना के बाद मायके पक्ष ने महिला के पति पर हत्या का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है। जॉच टीम का कहना है की पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत ही मौत का सही कारण साफ हो सकेगा, जिसके आधार पर ही परिवार द्वारा लगाये गये आरोपो की जॉच की जायेगी।



मिली जानकारी के मुताबिक मृतका बबीता अहिरवार (30) की शादी 9 साल पहले वेल्डिंग का काम करने वाले सुनील अहिरवार से हुई थी। बबीता घरेलू महिला था, परिवार में दो बच्चे हैं, जिनमें 7 साल का बेटा समर्थ और 4 साल की बेटी है। मृतका के पिता हरनाम सिंह का कहना है कि गुरुवार रात करीब 8 बजे उनका 7 साल का नाती समर्थ दौड़ता हुआ उनके घर आया और बोला की पापा ने मम्मी को मार दिया है। उसकी बात सुनकर परिवार वाले बुरी तरह घबरा गये और तुरंत ही दौड़कर बबीता के घर पहुंचे, जहां वह जमीन पर बेसूध पड़ी नजर आई। परिजनों का कहना है कि मौके पर बबीता की चूड़ियां टूटी हुई पड़ी थीं, साथ ही उसके हाथ पर चोट के निशान थे, और गले पर उंगलियों जैसे निशान नजर आ रहे थे। पिता का आरोप है कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई है।

परिजनों का कहना है की बबीता का पति सुनील अहिरवार शराब पीने का आदी है। वह अक्सर शराब के नशे में घर आता था, जिसका बबीता विरोध करती थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच आए दिन विवाद होता था। घटना वाली रात भी पति शराब पीकर घर लौटा था और दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। सूचना मिलने पर पहुचीं पुलिस का कहना है की विवाहिता की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। मर्ग कायम कर घटनास्थल की जांच के बाद शव को पीएम के लिये भेजा गया हैं।

### निगम ने हटाए शहर के विभिन्न क्षेत्रों से अतिक्रमण

## जिला प्रशासन की कार्यवाहियों में सहयोग देकर 1 मकान की कुर्की तथा 1 मकान का सामान खाली करवाया



भोपाल ■ अमृत दर्शन

नगर निगम द्वारा शहर में अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने सीएम हेल्प लाईन, कॉल सेंटर व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निराकरण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण कर बनें अवैध रूप से बनीं झुग्गी, टीन शेड, बांस बल्ली का छप्पर, आवागमन में बाधक दो पहिया व चार पहिया वाहन, रेत गिट्टी, फुटपाथ पर लगी सब्जी, जूते, चप्पल की दुकानें एवं दुकानों के बाहर रखा सामान, ठेले, गुमठी, पान पार्लर, काउंटर, बोर्ड टेबिल, स्टूल, कुर्सी व अन्य अतिक्रमणों को हटाया तथा 01 गुमठी जप्त की।

निगम अमले ने अयोध्या बायपास आजाद नगर में अवैध रूप से किये जा रहे 01 मकान निर्माण का कार्य रूकवाया। निगम अमले ने जिला प्रशासन की कार्यवाहियों में सहयोग देकर करोद विश्वकर्मा नगर में 01 मकान की कुर्की एवं बाग फरहत अफजा में 01 मकान का सामान खाली कराने की कार्यवाही की। निगम आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने शुक्रवार को कोलार रेस्ट हाउस, चूना भट्टी, बंजारी, निर्मलादेवी गेट, डीमार्ट, मण्डी रोड, बिट्ठल मार्केट, केम्पियन स्कूल, 12 नम्बर, मैनिट चौराहा, माता मंदिर संजय काम्प्लेक्स, लिंक रोड नं0-1,2,3, जवाहर चैक, सरस्वती नगर, न्यू मार्केट समता चैक, रेतघाट, रविन्द्र भवन, पॉलीटेक्निक रोड, रानी कमलापति ब्रिज, कमला पार्क, एम.पी. नगर जोन-01,02, रानी कमलापति रेल्वे स्टेषन, आलम नगर, आनंद नगर, अयोध्या बायपास आजाद नगर, प्रभात चौराहा, मण्डी चौराहा, अशोका गार्डन दशहरा मैदान, पुष्पा नगर, बाग फरहत अफजा, भोपाल टाकीज, आजाद मार्केट, हमीदिया रोड, हमीदिया अस्पताल गेट नं0-2, डीआईजी बंगला, करोंद विश्वकर्मा नगर, हाउसिंग बोर्ड, करोंद चौराहा आदि क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए करोद हाउसिंग बोर्ड में अवैध रूप से बना 01 बांस बल्ली का छप्पर, तोड़ा तथा रानी कमलापति ब्रिज कमला पार्क से अवैध बनीं 01 झुग्गी, 12 नंबर मल्टी के सामने से अवैध बना 01 टीन का शेड, पॉलीटेक्निक मलेरिया हास्पिटल के पास सर्विस रोड से 35 चार पहिया वाहन, 05 काउंटर, 03 ठेले व एम.पी.नगर जोन 02 क्षेत्र से 05 चार पहिया वाहन, कोलार बंजारी क्षेत्र से 05 दो पहिया वाहन, सड़क पर रखी रेत, गिट्टी को हटवाया।

## स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती

# एसबीआई ने सीएसआर के तहत दी कार्डियक केयर एम्बुलेंस एवं मोबाइल कैंसर जांच बस की सौगात

भोपाल ■ अमृत दर्शन

देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) कार्यक्रमों के अंतर्गत मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दो प्रमुख स्वास्थ्य परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की। इन पहलों का उद्देश्य ग्रामीण, दूरस्थ एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तक आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर एसबीआई के प्रबंध निदेशक श्री रामा मोहन राव अमारा एवं भोपाल सर्कल के मुख्य महाप्रबंधक श्री प्रभाष कुमार सुबुद्धि द्वारा अमलतास एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी, देवास तथा सबका सहारा सोशल वेलफेयर सोसायटी, भोपाल को सीएसआर परियोजनाओं हेतु




स्वीकृत सहायता राशि के प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए गए।

एसबीआई द्वारा अमलतास एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी के अंतर्गत संचालित अमलतास इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, देवास को एक अत्याधुनिक कार्डियक केयर एम्बुलेंस उपलब्ध कराई गई। यह एम्बुलेंस ऑक्सीजन सपोर्ट सिस्टम, स्ट्रेचर, सक्शन मशीन, जीवनरक्षक दवाओं, फर्स्ट एड उपकरणों तथा प्रशिक्षित चिकित्सा कर्मियों सहित सभी आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित है। इससे देवास तथा आसपास के ग्रामीण एवं अर्धशहरी क्षेत्रों में आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को नई गति मिलेगी तथा गंभीर रोगियों को समय पर उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा।

इसी क्रम में एसबीआई द्वारा सबका सहारा सोशल वेलफेयर सोसायटी भोपाल को सहायता प्रदान की गई, जिसके माध्यम से एक अत्याधुनिक मोबाइल हेल्थकेयर एवं कैंसर डिटेक्शन बस का संचालन किया जाएगा। यह चलित चिकित्सा इकाई ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में जाकर पैथोलॉजी जांच, एक्स-रे सुविधा, स्तन कैंसर स्क्रीनिंग एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण उपलब्ध कराएगी। इससे हजारों जरूरतमंद लोगों को उनके घर के निकट ही स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त होगा तथा कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान और उपचार संभव हो सकेगा।

कार्यक्रम में महाप्रबंधक (नेटवर्क-1) भरत कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक (नेटवर्क-2) नीलांक रॉय, महाप्रबंधक (नेटवर्क-3) मनोज कुमार, महाप्रबंधक (सर्कल ऑडिट ऑफिस) शुभकांत कानूनगो,डीजीएम (मंडल विकास अधिकारी) मनीष मठपाल सहित बैंक के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

अमलतास ग्रुप की ओर से डॉक्टर प्रशांत तथा सबका सहारा सोशल वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. अभिजीत देशमुख ने भारतीय स्टेट बैंक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बैंक द्वारा प्रदान किया गया यह सहयोग हजारों मरीजों एवं उनके परिवारों के लिए वरदान सिद्ध होगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को नई मजबूती प्रदान करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### स्टूडेंट्स बोले- नाम से ज्यादा काम पर ध्यान दें

**भोपाल।** बरकतउल्लाह यूनिवर्सिटी का नाम बदलकर वाग्देवी भोजपाल यूनिवर्सिटी करने के प्रस्ताव पर छात्रों की मिली-जुली प्रतिक्रिया सामने आई है। अधिकांश छात्रों का कहना है कि नाम बदलने से ज्यादा जरूरी यूनिवर्सिटी की व्यवस्थाओं में सुधार करना है। बता दें कि बरकतउल्लाह यूनिवर्सिटी का नाम दूसरी बार बदला जा रहा है। पहले इसका नाम भोपाल यूनिवर्सिटी था, जिसे बाद में स्वतंत्रता सेनानी और क्रांतिकारी बरकतुल्लाह के नाम पर बरकतउल्लाह यूनिवर्सिटी रखा गया था।

### ईडी ऑफिस में घुसकर पिता-पुत्र ने जमकर मचाया उत्पात

**भोपाल।** शहर की एमपी नगर थाना इलाके में स्थित ईडी ऑफिस में घुसकर पिता-पुत्र और उनके साथ आए लोगों ने जमकर उत्पात मचाया। घटना करीब आठ दिन पहले की है। जिसकी शिकायत मिलने पर पुलिस ने जॉच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आगे की कार्यवाही में जुटी है। बताया गया है की मुख्य आरोपी सफाई कर्मचारी है, जिसे परिसर की सफाई ठीक तरीके से नहीं होने को लेकर अधिकारियों ने नाराजगी जताते हुए उसे फटकार लगा दी थी। इसी से गुस्सा होकर उसने वारदात को अंजाम दिया। थाना पुलिस के अनुसार नीतेश धौलपुरे भारत संचार निगम लिमिटेड कार्यालय के भीतर स्थित ईडी ऑफिस में सफाई कर्मचारी के रूप में काम करता है। वह कुछ दिनों की छुट्टी के बाद काम पर लौटा तो अधिकारियों ने उसे परिसर की सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताते हुए फटकार लगा दी। इसे लेकर नीतेश की अधिकारियों से कहासुनी हो गई। बहसबाजी के बाद बाद अगले दिन 2 जून को नीतेश अपने पिता मुकेश धौलपुरे और कुछ अन्य लोगों को लेकर ऑफिस पहुंच गया। वहां उसने कर्मचारियों और अधिकारियों से दुर्व्यवहार करते हुए सामान को उठाकर तोड़ना शुरु कर दिया।

### मप्र में तीसरी संतान वाला अफसर नौकरी से बर्खास्त

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में तीसरी संतान के आधार पर एक अफसर की नौकरी चली गई। आईजी पंजीयन अमित तोमर ने गुरुवार को सिंगरौली के सब रजिस्ट्रार अशोक सिंह परिहार को बर्खास्त करने का आदेश जारी किया। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उस घोषणा के 48 घंटे बाद हुई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि दो से अधिक संतान होने के आधार पर किसी कर्मचारी की नौकरी नहीं जाएगी। अफसर को बर्खास्त करने का आदेश गुरुवार को जारी किया गया। यह शुक्रवार को सामने आया। अधिकारियों ने बताया कि यह किसी अफसर के खिलाफ की गई पहली कार्रवाई है। दरअसल, अशोक सिंह परिहार के खिलाफ शिकायत की गई थी कि शासकीय सेवा के दौरान उनकी तीसरी संतान का जन्म हुआ है। मामले की जांच के लिए पहले कारण बताओ नोटिस जारी किया गया और बाद में विभागीय जांच बैठाई गई। जांच अधिकारी के रूप में वरिष्ठ जिला पंजीयक जबलपुर पवन अहिरवार को नियुक्त किया गया था।

### सभी स्टेशन तैयार, दोबारा सीएमआरएस निरीक्षण की तैयारी

**भोपाल।** भोपाल मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर में बने सुभाष नगर स्टेशन को रेलवे ट्रैक के ऊपर बनने वाले फुटओवर ब्रिज (एफओबी) से सीधे रहवासी इलाके से जोड़ा जाएगा। इसके बनने के बाद सुभाष नगर और आसपास के करीब एक लाख लोगों को मेट्रो स्टेशन पहुंचने के लिए लंबा चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। मेट्रो प्रबंधन कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) को दोबारा निरीक्षण के लिए बुलाने की तैयारी कर रहा है। प्रायोरिटी कॉरिडोर में सिग्नलिंग, ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन और प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर का काम हो चुका है। सुभाष नगर से एम्स के बीच 6.22 किमी लंबे प्रायोरिटी कॉरिडोर में आठ स्टेशन बनाए गए हैं। इनमें छह स्टेशनों पर दो-दो एंट्री-एग्जिट तैयार हैं, जबकि सुभाष नगर और रानी कमलापति स्टेशन पर तीन-तीन एंट्री-एग्जिट का काम अंतिम चरण में है।

## अमृत दर्शन की खबर के बाद पत्रकार संगठन की बड़ी पहल

# रेल समाज कल्याण केंद्र के सचिव के खिलाफ पुलिस में हुई शिकायत

**भोपाल ■ क्राईम रिपोर्टर**

रेलवे स्कूल में लाखों रुपये का घपला करने के मामले में अमृत दर्शन द्वारा खबर प्रकाशित करने के बाद पुलिस के पास लिखित शिकायत पहुंची है। एक पत्रकार संगठन ने बड़ी पहल करते हुए रेल समाज कल्याण केंद्र के सचिव नितिन परमार के खिलाफ अपराधिक मामला दर्ज करने के लिये जीआरपी में लिखित शिकायत की है रेलवे स्कूल में सचिव द्वारा लाखों रुपये का घपला किये जाने को लेकर रेल कर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है पर आगे बढ़कर रेलवे की मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी जो कभी दबंगई का दंभ भरते थे आज कुछ भी कहने को तैयार नहीं कर्मचारी संगठन के नेताओं की दबंगता सिर्फ कमरों तक सिमटी नजर आ रही है। पुलिस में शिकायत करने वाले स्वतंत्र पत्रकार परिषद के अध्यक्ष गंगाधर मालजपुरे ने कहा है कि मामला अत्यंत गंभीर है क्योंकि विद्यार्थियों की फीस का गोलमाल किया गया है और यह लाखों की राशि का विषय है जो सीधे तौर पर आर्थिक अपराध की श्रेणी में आता है इसलिये रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों को भी चाहिए कि ऐसे संवेदनशील मामले में निष्पक्ष ढंग से कार्यवाही करने के लिये आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मामले से स्वतंत्र पत्रकार परिषद प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री को भी अवगत करायेगा।

### ठोस कार्यवाही की जायेगी-टीआई



रेलवे स्कूल में विद्यार्थियों की फीस हड़पने के मामले में पत्रकार संगठन की शिकायत मिलने के बाद जीआरपी थाना प्रभारी जहीर खान ने कहा कि मामला गंभीर है इस पर अवश्य एक्शन लिया जायेगा उन्होंने कहा कि स्कूल जैसे स्थान पर इस तरह घटना होना अपने आप में आश्चर्यजनक है किसी भी कीमत पर ऐसा नहीं चाहिए। थाना प्रभारी जहीर खान ने कहा कि मामला चूंकि रेल कर्मचारी से जुड़ा हुआ है इसलिये रेलवे ने अभी तक क्या कार्यवाही की है या कार्यवाही चल रही है उनसे भी जानकारी ली जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रकरण में पहले जांच पड़ताल की जायेगी जो भी निष्कर्ष निकलेगा उसके बाद एक्शन लिया जायेगा।

## भोपाल एम्स में नर्सिंग स्टाफ की लापरवाही

# कैंसर पीड़ित बच्चे को लगा दिया फॉर्मेलिन इंजेक्शन, मौत, 2 नर्सों पर एफआईआर दर्ज

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

भोपाल एम्स में इलाज करा रहे तीन वर्षीय कैंसर पीड़ित बच्चे की नर्सिंग स्टाफ की बड़ी लापरवाही के कारण मौत हो गई। पिता के मना करने के वाबजूद नर्स ने शव को सुरक्षित रखने वाला फॉर्मेलिन इंजेक्शन बच्चे को लगा दिया।

राजधानी भोपाल स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) में इलाज करा रहे तीन वर्षीय कैंसर पीड़ित बच्चे की नर्सिंग स्टाफ की बड़ी लापरवाही के कारण मौत हो गई। पिता और परिजन के मना करने के वाबजूद नर्स ने शव को सुरक्षित रखने वाला फॉर्मेलिन इंजेक्शन बच्चे को लगा दिया। परिजन की शिकायत के बाद दो नर्सिंग ऑफिसर्स के खिलाफ ख्रड्ढक्रदर्ज दर्ज कीगई।

**आरोप- नर्स ने जबरन लगा दिया फॉर्मेलिन इंजेक्शन:** जानकारी के अनुसार, सागर जिले की बीना तहसील के ग्राम कौरजा निवासी सार्थक यादव (3 वर्ष) ब्लड कैंसर से पीड़ित था। गंभीर हालत में उसे 15 दिसंबर 2025 को एम्स भोपाल के पीडियाट्रिक वार्ड में भर्ती कराया गया था, जहां उसका उपचार चल रहा था।

परिजनों का आरोप है कि इलाज के दौरान अस्पताल स्टाफ ने बच्चे को निर्धारित दवा की बजाय फॉर्मेलिन इंजेक्ट कर दिया। फॉर्मेलिन एक खतरनाक रसायन है, जिसका उपयोग मेडिकल संस्थानों में बायोप्सी सैंपल और शवों के संरक्षण के लिए किया जाता है।




### पिता ने कहा था- सिरिंज में सही दवा नहीं

बच्चे के पिता ने दावा किया कि इंजेक्शन लगाए जाने के दौरान उन्होंने तीन बार नर्सिंग स्टाफ को चेतावनी दी थी कि सिरिंज में सही दवा नहीं है, लेकिन उनकी बात को अनसुना कर दिया गया। इसके बाद बच्चे की हालत बिगड़ती चली गई और उसकी मौत हो गई। मामले की जांच में प्रथम दृष्टया लापरवाही सामने आने के बाद दो नर्सिंग ऑफिसर्स के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस और संबंधित एजेंसियां पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही हैं। वहीं, इस घटना के बाद अस्पताल की कार्यप्रणाली और मरीजों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

**दो निर्सिंग ऑफिसर्स पर केस:** मामले की जांच में प्रथम दृष्टया लापरवाही सामने आने के बाद बागसिवनिया पुलिस ने दो नर्सिंग ऑफिसर्स के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस और एम्स प्रबंधन पूरे घटनाक्रम की जांच कर रहा है। वहीं, इस घटना के बाद एम्स की कार्यप्रणाली और मरीजों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

**नर्स ने बिना जांच किए लगा दिया इंजेक्शन:** जानकारी के अनुसार, 17 दिसंबर की सुबह बच्चे की आईवी लाइन चोक हो गई थी। इसी दौरान ड्यूटी पर मौजूद नर्स मधुबाला शर्मा ने बिना लेबल और दवा की पहचान जांचे वहीं रखी सिरिंज उठाकर बच्चे की नस में इंजेक्ट कर दी। परिजनों ने बताया कि बच्चे के पिता ने तीन बार कहा कि सिस्टर सिरिंज में दवा नहीं है, लेकिन नर्स ने उनकी बात नहीं सुनी।

**इंजेक्शन लगते ही बिगड़ी हालत:** फॉर्मेलिन शरीर में पहुंचते ही बच्चे की हालत अचानक बिगड़ गई और वह बेहाश हो गया। उसे तत्काल PIC में शिफ्ट किया गया। डॉक्टरों ने CPR समेत तमाम प्रयास किए, लेकिन सुबह 8:45 बजे उसकी मौत हो गई।

**जांच रिपोर्ट में नर्स की लापरवाही साबित:** एम्स की आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि बच्चे की मौत का सीधा कारण फॉर्मेलिन का नस के जरिए शरीर में पहुंचना था। एम्स प्रबंधन ने भी रिपोर्ट में नर्सिंग स्टाफ की गंभीर लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है।

### इन नर्सों को क्या मिलेगी सजा ?

बागसेवनिया थाना पुलिस ने 11 जून को जांच रिपोर्ट के आधार पर दोनों नर्सिंग ऑफिसर्स के खिलाफ मामला दर्ज किया। नर्स मधुबाला शर्मा पर घोर लापरवाही से मौत कारित करने के आरोप में भारतीय न्याय संहिता (ब्क्ष्हस्) की धारा 106(1) के तहत केस दर्ज किया गया है। इसमें नर्स को अधिकतम 5 साल की सजा और जुर्माना भुगतना पड़ सकता है। वहीं नर्स अनुका गुजराती पर खतरनाक रसायन को असुरक्षित तरीके से रखने के आरोप में धारा 286 के तहत कार्रवाई की गई है। मामले की जांच जारी है। इस केस में अनुका को एक साल की सजा हो सकती है।

## लेडी अफसर को थाने के सामने धमकी- तुम्हें देख लेंगे

# खनन माफिया ने भोपाल में रास्ता रोका; बोले- नौकरी खा जाएंगे



**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

भोपाल में थाने के ठीक सामने खनन माफिया के गुर्गों ने महिला खनिज अधिकारी को धमकी दे डाली। कहा- तुम्हारी नौकरी खा जाएंगे। तुम्हें देख लेंगे। मौके पर पुलिस के साथ खनिज विभाग का अमला भी मौजूद था लेकिन बदमाश हंगामा करते रहे। मामला कजलीखेड़ा के सामने गुरुवार देर रात का है, जो अब सामने आया है।

खनिज इंस्पेक्टर सुची माथुर की शिकायत पर पुलिस ने राहुल यादव, ज्ञान सिंह यादव और साथियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने, अवैध उत्खनन-परिवहन और डराने-धमकाने की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

**डंपर को छुड़ाने माइनिंग टीम का रास्ता रोका:** दरअसल, इंस्पेक्टर माथुर गुरुवार रात करीब साढ़े 11 बजे अपनी टीम के साथ नीलबड़ चेकपोस्ट की ओर से आ रहे डंपरों की जांच कर रही थीं। बैरागढ़ चीचली के पास टीम ने जैसे ही डंपरों को रोका, ड्राइवर गाड़ी खाली कर भागने की कोशिश करने लगे। माइनिंग अमले ने उन्हें पकड़ लिया। डंपर कस्टडी में लेकर थाने ले आए।

इसी दौरान डंपर मालिक राहुल यादव और ज्ञान सिंह यादव अपने साथियों के साथ वहां पहुंच गए। आरोप है कि उन्होंने थाने के गेट के सामने अपनी गाड़ियां खड़ी कर माइनिंग टीम का रास्ता रोक दिया और जब्त डंपरों को छुड़ाने का दबाव बनाने लगे।

एएसआई महेश मांझी ने बताया कि राहुल और ज्ञान पुलिस के सामने ही खनिज इंस्पेक्टर से बदसलूकी करने लगे। उन्होंने महिला अधिकारी पर दबाव बनाया। फिर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देते हुए भाग निकले।

डीसीपी जोन-4 आदर्शकांत शुक्ला ने कहा- आरोपियों को नोटिस जारी कर थाने तलब किया जा रहा है। डंपर और दूसरी गाड़ियों को जब्त कर लिया गया है। रजिस्ट्रेशन और परमिट संबंधी दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

# दिगम्बर जैन मुनि सुधासागर जी महाराज को चातुर्मास हेतु आमंत्रित करने भोपाल से 2000 लोग गुना जाएंगे

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

परम पूज्य आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज के प्रभावक शिष्य मुनिश्री सुधासागर जी महाराज को चातुर्मास के लिए भोपाल आमंत्रित करने भोपाल के सभी मंदिरों के पदाधिकारियों के साथ 2000 से अधिक लोग 14 जून, रविवार को गुना रवाना होंगे।

आयोजन के सूत्रधार रवीन्द्र जैन पत्रकार ने बताया कि मुनिश्री सुधासागर जी महाराज ससंघ गुना में विराजमान हैं। भोपाल में उनके अगले चातुर्मास की तैयारियां शुरु कर दी गई हैं। संभवतः उनका चातुर्मास भोपाल के जैन नगर में हो सकता है। 9 जून को भोपाल के सभी दिगम्बर जैन मंदिरों के अध्यक्षों की बैठक प्रोफेसर कॉलोनी जैन मंदिर में हुई, जिसमें मुनिश्री के चातुर्मास की तैयारियों की समीक्षा की गई।



इसी बैठक में तय किया गया कि भोपाल से 251 इनोवा कारों और 15 बसों के जरिए 2000 लोग सुबह गुना रवाना होंगे। इनमें सभी महिला मंडल, युवा मंडल, मंदिरों के पदाधिकारी शामिल होंगे। प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया इस यात्रा का संयोजक नरेन्द्र जैन टोंग्या को बनाया गया है। जस्टिस अभय गोहिल एवं वरिष्ठ अधिवक्ता विजय चौधरी के नेतृत्व में मुनिश्री को श्रीफल भेंट किया जाएगा।

SHREE MULTISPECIALITY HOSPITAL

आपकी सांसे, हमारी जिम्मेदारी
बेहतर इलाज, बेहतर जीवन

OUR SERVICES
- Internationally Trained & Experienced Pulmonologist & Intensivist
- Expert in Advanced Critical Care, Respiratory & Lung Health
- Specialist in Allergy, Asthma, COPD, TB Care & Infectious Lung Diseases
- Dedicated to Helping You Breathe Better & Live Better

WE CARE FOR
- Asthma & Allergy
- COPD
- Tuberculosis (TB)
- Pneumonia
- Sleep Apnea
- Respiratory Infections
- Critical & Intensive Care

DR. AMIT SINGH
MD Pulmonary Medicine & Critical Care

EXPERTISE YOU CAN TRUST
- LUNG & RESPIRATORY DISEASES
- CRITICAL CARE & ICU MANAGEMENT
- ALLERGY, ASTHMA & COPD CARE
- INFECTIOUS LUNG DISEASES & TB CARE
- ADVANCED PULMONARY CARE

INTERNATIONAL EXPOSURE | 1000+ HAPPY PATIENTS | EXPERT CARE YOU DESERVE

ADVANCED TECHNOLOGY. EXPERT HANDS. BETTER OUTCOMES.

8818815656 (Mobile)
BOOK YOUR APPOINTMENT TODAY
CONSULT US
+91 8516911911 (Mobile)
0755-3100110 (Land line)

Shree Multispeciality Hospital
271/2A, Opposite AIIMS Road, Saket Nagar, Bhopal, Madhya Pradesh 462024

## मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग में तबादला प्रक्रिया को लेकर चर्चा

# स्कूल शिक्षा विभाग में स्वैच्छिक तबादले से शून्य होगी सीनियरिटी, ऑनलाइन चॉइस फिलिंग 23 जून तक

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग में तबादला प्रक्रिया को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा है। इसमें भी स्वैच्छिक तबादला लेने वाले जिला कैडर के सहायक शिक्षकों की सीनियरिटी नई जगह ट्रांसफर होने पर शून्य मानी जाएगी। नियमों में अनुसार, उनका नाम नई सीनियरिटी लिस्ट में सबसे नीचे पहुंच जाएगा, जिससे आगे होने वाले प्रमोशन प्रभावित हो सकते हैं। शिक्षकों के ट्रांसफर के लिए 19 जून से 23 जून तक ऑनलाइन चॉइस फिलिंग की जाएगी।



**स्वैच्छिक तबादला लेने से सीनियरिटी होगी खत्मः** इस व्यवस्था के तहत स्वैच्छिक तबादला लेने वाले शिक्षकों का नाम नई सीनियरिटी लिस्ट में सबसे नीचे पहुंच जाएगा। इसका सीधा असर उनके भविष्य के प्रमोशन और सेवा संबंधी लाभों पर पड़ेगा। ऐसे में शिक्षकों को तबादले के लिए आवेदन करने से पहले सभी पहलुओं पर सोचना होगा।

**ऑनलाइन चॉइस फिलिंग 23 जून तकः** स्कूल शिक्षा विभाग में प्रशासनिक तबादलों की प्रक्रिया जारी है। विभागीय तबादला कार्यक्रम के मुताबिक, 19 जून से 23 जून तक स्वैच्छिक तबादलों के लिए ऑनलाइन चॉइस फिलिंग की जाएगी। शिक्षक निर्धारित अवधि के भीतर अपनी पसंद के स्थानों पर ट्रांसफर के लिए आवेदन कर सकेंगे।

**तीन कैडर में बंटे हैं शिक्षकः** जानकारी के अनुसार, प्रदेश में शिक्षकों के तीन कैडर हैं। जिसमें प्राथमिक स्कूल के शिक्षक का कैडर जिला स्तर, माध्यमिक स्कूल के शिक्षकों का संभाग स्तर और उच्च माध्यमिक स्कूल के शिक्षकों यानी व्याख्याताओं का कैडर राज्य स्तर का होता है। इसके अनुसार यदि प्राथमिक स्कूल के शिक्षक जिले के बाहर स्वैच्छिक ट्रांसफर चाहते हैं तो उसकी सीनियरिटी शून्य हो जाएगी। इसी तरह यदि माध्यमिक स्कूल का शिक्षक संभाग के बाहर स्वैच्छिक ट्रांसफर के लिए आवेदन करता है तो उसकी सीनियरिटी खत्म हो जाएगी। हालांकि, व्याख्याताओं पर यह नियम लागू नहीं होगा,क्योंकि उनका कैडर राज्य स्तर काहै।

**नये तबादला नियमों में दो बड़ी विसंगतियांः** शिक्षक संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि शिक्षकों के संशोधित तबादला नियम में दो बड़ी विसंगतियां सामने आई हैं। एक ई-अटेंडेंस और दूसरा- जनगणना ड्यूटी। स्वैच्छिक ट्रांसफर्स में शिक्षकों की 90 प्रतिशत ई-अटेंडेंस अनिवार्य कर दी गई है। जिससे करीब 90 प्रतिशत शिक्षक पात्रता ही पूरी नहीं कर पाएंगे। जानकारों का कहना है कि ई-अटेंडेंस के लिए शुरू में कई तकनीकी दिक्कतें सामने आईं। जैस- नेटवर्क प्रोब्लम या इंटरनेट कनेक्टिविटी।

प्रकाशक ,मुद्रक एवं स्वामी डी.पी. गोयल द्वारा सुख सागर,6 पत्रकार नगर, कोलार रोड, भोपाल से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21- एच. इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल-462023 (म.प्र.) से मुद्रित। फोनः 4240007 फैक्स 0755-4296195 , आर.एन.आई नं. 50259/90 डाक पंजीयन नं. म.प्र./भोपाल/86/24-26 न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। प्रधान संपादकः डी.पी.गोयल ।मोबाईल नं. 9827054436 ।